वीयू का स्लोवक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी नितरा (यूरोप) से एम.ओ.यू.

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी के अथक प्रयास तथा विश्वविद्यालय के छात्राओं तथा फैकेल्टी के उत्थान हेतु एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया जिसमें वेटरनरी विश्वविद्यालय का करार स्लोवक यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर नितरा से 5 वर्ष की अवधि के लिए किया गया। जिसके समझौते पर नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी जी तथा स्लोवक यूनिवर्सिटी ऑफ़ एग्रीकल्चर नितरा के रेक्टर डॉ. क्लाउडिया हालाजजोवा द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य संयुक्त रूप से अनुसंधान गतिविधि, शैक्षणिक गतिविधियों तथा उक्त गतिविधियों हेतु वि.वि. के वैज्ञानिक तथा छात्र–छात्राओं का आदान–प्रदान किया जा सकेगा। वैज्ञानिक तथा शैक्षणिक परस्पर्ता बढ़े जिस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा सहयोग का दायरा निर्धारित किया गया है जिसमें कि दोनों यूनिवर्सिटी संयुक्त रुप से अनुसंधान तथा परियोजना के कार्य में भागीदारी करेंगे व उच्च गुणवत्ता के साइंटिफिक जनरल्स में पेपर पब्लिश कर सकेंगे। दोनों विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार, कॉन्फ्रेंस संगोष्ठी एवं शैक्षणिक बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर हिस्सा ले सकेंगे जिससे कि दोनों ही देश में चल रही शैक्षिक अनुसंधान गतिविधियों को साझा कर सकेंगे। कुछ शॉर्ट टर्म शैक्षणिक प्रोग्राम भी बनाने हेतु सहमति हुई है। दोनों ही विश्वविद्यालय डबल डिग्री प्रोग्राम भी शुरू करने के लिए एक दूसरे को परस्पर सहयोग करेंगे। फैकेल्टी तथा छात्रों का एक्सचेंज प्रोग्राम छात्राओं का तथा अध्यापकों का दोनों ही विश्वविद्यालय में संचालित वर्चुअल माध्यम से दोनों ही विश्वविद्यालय के छात्र तथा फैकेल्टी शैक्षणिक कार्य को गति दे सकते हैं साथ ही छात्रों के शैक्षणिक सुधार के लिए दोनों देशों में अपनी जाने वाली टीजिंग मेथाडोलॉजी, टीचिंग मटेरियल तथा अन्य स्टडी मैटेरियल का भी आदान–प्रदान कर सकेंगे जो की दोनों ही यूनिवर्सिटी के छात्राओं के लिए उपयोगी होगा तथा जिससे शैक्षणिक तथा अनुसंधान गतिविधियों को गति प्रदान हो सके।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर